भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
11.12.2024 के
अतारांकित प्रश्न सं. 2679 का उत्तर

विद्युतीकृत रेलमार्गों का प्रतिशत

2679. श्री विश्वेश्वर हेगड़े कागेरी:
श्री बिप्लब कुमार देब:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

विगत तीन वर्षों के दौरान देश में, विशेषकर त्रिपुरा और कर्नाटक राज्यों में विद्युतीकृत रेलमार्गों का प्रतिशत संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

भारतीय रेल द्वारा बड़ी रेल लाइनों के विद्युतीकरण कार्य को मिशन मोड में शुरु किया गया है। इस मिशन के भाग के रूप में, वर्ष 2014-24 के दौरान और वर्ष 2014 से पहले किया गया विद्युतीकरण निम्नानुसार हैं:-

| अवधि | मार्ग किलोमीटर |
|---|---|
| 2014 से पहले (लगभग 60 वर्ष) | 21,801 |
| 2014-24 | 44,199 |

इस समय, भारतीय रेल की बड़ी लाइन का कुल नेटवर्क का लगभग 97% विद्युतीकृत किया जा चुका है।

अभी तक कर्नाटक में, लगभग 96% विद्युतीकरण कार्य पूरा हो चुका है और त्रिपुरा में

लगभग 57% विद्युतीकरण कार्य पूरा किया गया है। वर्ष 2014-24 के दौरान और 2014 के पहले दोनों राज्यों में विद्युतीकरण का ब्यौरा निम्नानुसार हैः-

कर्नाटकः

| अवधि | मार्ग किलोमीटर |
|---|---|
| 2014 से पहले (लगभग 60 वर्ष) | 316 |
| 2014-24 | 3,172 |

त्रिपुराः

| अवधि | मार्ग किलोमीटर |
|---|---|
| 2014 से पहले (लगभग 60 वर्ष) | 0 |
| 2014-24 | 153 |

दोनों राज्यों में शेष विद्युतीकरण संबंधी कार्य शुरु किए गए हैं।

*******